BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 30 अप्रैल, 2026 — **CRACKDOWN BULANDSHAHR** — प्रातः काल

दिनांक 25/26.04.2026 की रात्रि में तिहरे हत्या की घटना में वांछित एवं मुख्य आरोपी तथा 50,000/- रूपये के इनामिया बदमाश के साथ हुई पुलिस मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया ,कब्जे से अवैध असलहा(पिस्टल), कारतूस एवं स्कूटी बरामद।

दिनांक 25/26.04.2026 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत हुई तिहरे हत्या की घटना के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कई थानों की टीमें व स्वाट टीम लगाई गई थी जिनके द्वारा पूर्व में कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिसमें से 03 अभियुक्तों को दौराने मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया था तथा अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 30.04.2026 को प्रातः वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश एवं तलाश की जा रही थी तभी झांझर रोड पर एक संदिग्ध स्कूटी पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए स्कूटी को तेजी से मोड़कर कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगे। कुछ दूरी पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा जिसकी कांम्बिग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। दौराने मुठभेड़ निरीक्षक मौहम्मद असलम व है0का0 मोहित कुमार घायल हुए हैं तथा निरीक्षक रामफल सिंह व है0का0 कपिल नैन के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी है। घायल बदमाश व पुलिसकर्मियों को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान चिकित्सकों द्वारा बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया। मृत बदमाश की पहचान जीतू सैनी पुत्र सुभाष सैनी निवासी मौहल्ला पंजाबियान थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जो तिहरे हत्या की घटना का मुख्य आरोपी व 50,000/- रूपये का इनामिया बदमाश है। घटनास्थल से अवैध असलहा(पिस्टल), जिन्दा एवं खोखा कारतूस एवं स्कूटी बरामद हुई है।

तिहरे हत्या की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मु0अ0सं0- 371/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1), 61(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना में जीतू उपरोक्त वांछित था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा 50,000/- रूपये का पुरस्कार भी घोषित किया गया था।

अभियुक्त का नाम पता-

1- जीतू सैनी पुत्र सुभाष सैनी निवासी मौहल्ला पंजाबियान थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 पिस्टल 32 बोर मय 15 जिन्दा एवं 14 खोखा कारतूस

2- 01 एक्टिवा स्कूटी (बिना नम्बर प्लेट)

अभियुक्त जीतू सैनी का आपराधिक इतिहास-

1. मुअसं 371/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1), 61(2) बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मुअसं 1414/18 धारा 279/304ए/337/338 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
3. मुअसं 800/23 धारा 323/504/506 भादवि व धारा 3(1)(घ)/3(1)(ग)/3(2)Va एससी एसटी एक्ट थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

स्वाट टीम-

1- मोहम्मद असलम, प्रभारी स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान।

गिरफ्तार करने वाली थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम-

1. श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर।
2. व0उ0नि0 वरूण कुमार थाना डिबाई
3. है0का0 कुरबान, का0 जितेश(थाना कोतवाली देहात)

गिरफ्तार करने वाली थाना अनूपशहर पुलिस टीम-

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना अनूपशहर।
2. है0का0 मोहित मलिक, है0का0 विक्रान्त, है0का0 राजदीप।

मीडिया सेल बुलन्दशहर